वर्ष- 02 अंक- 233

छपरा

11 जुलाई शुक्रवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## दिल्ली-एनसीआर में भूकंप, 10 सेकेंड तक झटके महसूस हुए

### 4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में केंद्र था; 6 महीने में तीसरी बार भूकंप आया




**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और NCR में भूकंप के झटके महसूस किए गए। किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकेंड तक झटके आए। बीते छह महीने में दिल्ली और NCR में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था।

## मुंबई कैंटीन विवाद- फूड डिपार्टमेंट ने लाइसेंस रद्द किया

### पनीर-दाल के सैंपल लिए; खराब खाना देने पर विधायक ने कर्मचारी को पीटा था



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई के आकाशवाणी विधायक गेस्ट हाउस की कैंटीन में खराब खाने पर फूड डिपार्टमेंट ने लाइसेंस रद्द कर दिया। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) के अधिकारियों ने कैंटीन से पनीर, चटनी, तेल और दाल के सैंपल लिए हैं। अधिकारी ने बताया कि, इन्हें लैब भेजा जाएगा और रिपोर्ट 14 दिनों में आएगी। तब तक के लिए कैंटीन का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। फूड विभाग की तरफ से यह कार्रवाई शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ की शिकायत पर की गई है। दरअसल 8 जुलाई को संजय गायकवाड़ खराब दाल परोसे जाने से नाराज हो गए थे। गायकवाड़ कैंटीन में आए और स्टाफ की पिटाई कर दी। इसका वीडियो 9 जुलाई को सामने आया। हालांकि, मामले को लेकर विधायक ने कहा- मुझे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।

## कर्नाटक- हासन में 40 दिन में हार्टअटैक से 23 मौतें

### लोगों में दहशत; मैसुरु में भी रोज हजारों लोग जांच



### कराने पहुंच रहे

**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक के हासन में हार्ट अटैक से मौत के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 40 दिनों में यहां हार्ट अटैक से 23 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से छह की उम्र 19 से 25 साल के बीच थी। वहीं, आठ की उम्र 25 से 45 साल के बीच थी। उधर बेंगलुरु के जयदेव अस्पताल में हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या में 8त्न का इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने बताया कि बढ़ते मामलों के बीच हासन और आसपास के जिलों से कई लोग एहतियाती जांच के लिए आ रहे हैं। मैसुरु के भी जयदेव

**बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई:**

# अदालत ने कहा- चुनाव आयोग के एक्शन से समस्या नहीं, लेकिन यह चुनाव से पहले क्यों?

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने पर चुनाव आयोग ने कहा कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि आप मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण में नागरिकता के मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं? यह गृह मंत्रालय का अधिकार क्षेत्र है। अगर आपको पुनरीक्षण के जरिये नागरिकता की जांच करनी थी तो आपको यह पहले करना चाहिए था। इसमें अब बहुत देर हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परेशानी पुनरीक्षण प्रक्रिया से नहीं है। बल्कि दिक्कत इसके लिए चुने गए समय से है।

जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि इस गहन प्रक्रिया में कुछ भी गलत नहीं है ताकि गैर-नागरिक मतदाता सूची में न रहें, लेकिन यह इस चुनाव से पहले होना चाहिए। न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा कि एक बार मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाए और अधिसूचित कर दिया जाए और उसके बाद चुनाव हों तो कोई भी अदालत उसमें हाथ नहीं डालेगी।



### सुप्रीम कोर्ट ने तीन मुद्दों पर मांगा जवाब

सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अदालत के समक्ष जो मुद्दा है वह लोकतंत्र की जड़ और मतदान के अधिकार से जुड़ा है। याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के मतदान कराने के अधिकार को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय को भी चुनौती दे रहे हैं। इन तीन मुद्दों पर जवाब देने की जरूरत है।

### मतदाताओं के बिना चुनाव आयोग का अस्तित्व नहीं

चुनाव आयोग के वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है जिसका मतदाताओं से सीधा संबंध है और अगर मतदाता ही नहीं होंगे तो हमारा अस्तित्व ही नहीं है। आयोग किसी को भी मतदाता सूची से बाहर करने का न तो इरादा रखता है और न ही कर सकता है, जब तक कि आयोग को क़ानून के प्रावधानों द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य न किया जाए। हम धर्म, जाति आदि के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते।

### आबादी से अधिक आधार, आवासीय में भी गड़बड़ी; चुनाव आयोग को शक- हर विस क्षेत्र में 10 हजार फर्जी वोटर

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग के मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर सियासी बवाल चरम पर है। विपक्षी दल सवाल पूछ रहे हैं कि सूची में नाम के लिए आधार कार्ड और आवासीय प्रमाण पत्र को मान्यता क्यों नहीं दी जा रही? मगर, तथ्य यह भी है कि राज्य के सीमांचल इलाके के चार जिलों कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में आधार कार्ड की संख्या आबादी से अधिक हो चुकी है। यही नहीं, नागरिकता प्रमाण पत्र के रूप में आधार कार्ड की मान्यता न होने बावजूद इस क्षेत्र में इसी के आधार पर धड़ल्ले से निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। बीते दो दशक में यह क्षेत्र बांग्लादेश से घुसपैठ में आई तेजी के कारण जनसांख्यिकी में तेजी व लगातार बदलाव से चर्चा में रहा है। 1951 से 2011 तक इस क्षेत्र में मुस्लिमों की आबादी में 16 फीसदी की तीव्र बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालिया जातिगत जनगणना में सामने आया कि मुस्लिम आबादी किशनगंज में 68%, अररिया में 50%, कटिहार में 45%और पूर्णिया में 39% हो गई। कुल मिला कर इन चारों जिलों में मुस्लिम आबादी 47% हो गई। सीमांचल में तेजी से हो रहे जनसांख्यिकी बदलाव से केंद्र सरकार चिंतित है। चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का आधार भी यही है।



**विपक्ष इसलिए हमलावर** :पुनरीक्षण अभियान का सर्वाधिक विरोध राज्य के मुस्लिम इलाकों में है। इस बिरादरी का बड़ा हिस्सा अरसे से विपक्षी महागठबंधन का समर्थन करता रहा है। महागठबंधन विरोध के बहाने इस बिरादरी को गोलबंद करना चाहता है।

### पुनरीक्षण को बिहार चुनाव से क्यों जोड़ रहेः सुप्रीम कोर्ट

*जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि आप इस प्रक्रिया को नवंबर में होने वाले चुनाव से क्यों जोड़ रहे हैं? यह एक ऐसी प्रक्रिया है जो पूरे देश के चुनाव से स्वतंत्र हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी को भी मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।*

## यमन में भारतीय नर्स फांसी केस, सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

### याचिका में कहा- अदालत सरकार को दखल देने के लिए कहे, 16 जुलाई को सजा दी जाएगी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट गुरुवार को यमन में मौत की सजा पाई केरल की नर्स निमिषा प्रिया मामले की सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। याचिका में केंद्र सरकार को राजनयिक दखल करने का निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच इस मामले पर अब 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को फांसी दी जाएगी। पिछले साल यमन के राष्ट्रपति राशद अल-अलीमी ने उनकी मौत की सजा को मंजूरी दी थी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारत सरकार मामले पर नजर रखे हुए है और यमन के अधिकारियों और निमिषा के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है। निमिषा 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था।

### निमिषा ने ड्रग्स का ओवरडोज दिया, जिससे महदी की मौत हो गई

निमिषा काफी परेशान हो चुकीं थीं। जुलाई 2017 में महदी से पासपोर्ट लेने के लिए निमिषा ने उसे बेहोशी का इंजेक्शन दिया, लेकिन इसका असर नहीं हुआ। फिर निमिषा ने महदी को ओवरडोज दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, निमिषा ने महदी के शरीर के टुकड़े कर वाटर टैंक में फेंक दिए। इसके बाद पुलिस ने निमिषा को गिरफ्तार कर लिया। यमन की सुप्रीम ज्यूडिशियल काउंसिल ने निमिषा को महदी की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई। निमिषा ने यमन की सुप्रीम कोर्ट में माफी की अपील दायर की, जिसे 2023 में खारिज कर दिया। राष्ट्रपति रशद ने भी 30 दिसंबर 2024 को सजा को मंजूरी दे दी।

## अब सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता का समय मिल सकता है, पीएम मोदी की स्वदेश वापसी पर कांग्रेस का तंज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों का दौरा कर गुरुवार सुबह वापस स्वदेश लौट आए। इस पर कांग्रेस ने निशाना साधा है और कहा है कि जब प्रधानमंत्री वापस आ गए हैं तो अब उन्हें मणिपुर जाने, पहलगाम आतंकी हमले के आतंकवादी न्याय के कटघरे में क्यों नहीं ला जा सके हैं, इस पर विचार करने और अपने गृह राज्य में बुनियादी ढांचे के पतन पर विचार करने का समय मिल सकता है। कांग्रेस ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री संसद के आगामी मानसून सत्र के एजेंडे को अंतिम रूप देने के लिए एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता भी कर सकते हैं।

**कांग्रेस ने मणिपुर, पहलगाम आतंकी हमले पर घेरा** :प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों - घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया



की यात्रा के बाद आज सुबह भारत लौटे हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, भारत अपने सुपर प्रीमियम लगातार उड़ान भरने वाले प्रधानमंत्री का फिर से स्वागत करता है। उनके दोबारा उड़ान भरने से पहले लगभग तीन हफ्ते तक उनके देश में रहने की उम्मीद है। जयराम रमेश ने कहा, अब जब वे देश में हैं, तो उन्हें मणिपुर जाने का समय मिल सकता है, जहां लोग दो साल से ज्यादा समय से उनका इंतजार कर रहे हैं; पहलगाम के आतंकवादियों को अभी तक सजा क्यों नहीं मिल पाई है, इस पर विचार कर सकते हैं; अपने गृह राज्य में बुनियादी ढांचे के पतन पर विचार कर सकते हैं; और बाढ़ से तबाह हिमाचल प्रदेश के लिए सहायता राशि मंजूर कर सकते हैं।

### कांग्रेस विधायक सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में 5 जगहों पर ईडी का छापा

**बेंगलुरु।** विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह कांग्रेस विधायक बी. सुब्बा रेड्डी के घर समेत बेंगलुरु में कुल पांच स्थानों पर छापेमारी की। चिकबल्लापुर जिले के बागेपल्ली विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके परिजनों की संपत्तियों और उनके व्यावसायिक साझेदारों के परिसरों में तलाशी ली गई है। मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में मौजूद बैंक खातों और विदेशी संपत्तियों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर छानबीन की जा रही है।

## हिमाचल में श्रीखंड महादेव यात्रा शुरू, पहला जत्था रवाना

- 5 हजार श्रद्धालु करा चुके पंजीकरण; 18570 फुट ऊंचाई पर भगवान भोले का वास

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में विश्व की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव यात्रा आज से शुरू हो गई है। आज सुबह 5 बजे भगवान शिव के भक्तों का पहला जत्था श्रीखंड के लिए रवाना हुआ। यह 12 जुलाई को श्रीखंड पहुंचेगा। कल शुक्रवार से रोजाना 800-800 की संख्या में भक्तों के जत्थे को श्रीखंड भेजा जाएगा।

इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं



के भोजन के लिए जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इनके ठहरने और स्वास्थ्य जांच के लिए 5 जगह बेस कैंप बनाए गए हैं। इनमें स्वास्थ्य जांच और फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद श्रद्धालुओं को श्रीखंड की यात्रा पर भेजा जाएगा।

23 जुलाई तक चलने वाली इस यात्रा पर जाने से पहले फिटनेस टेस्ट पास करना और पंजीकरण अनिवार्य होगा, क्योंकि इस यात्रा को खतरनाक ट्रैकिंग वाली धार्मिक यात्राओं में से एक माना जाता है। इसमें श्रद्धालुओं को 32 किलोमीटर संकरे व खतरनाक रास्ते से पैदल चलना पड़ता है।

## अफगानिस्तान में 6 साल की बच्ची की शादी

### दूल्हे की उम्र 45 साल, तालिबान बोला 9 साल की होने पर पति के घर भेज देंगे



**काबुल,एजेंसी।** अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में 6 साल की एक बच्ची की शादी 45 साल के एक व्यक्ति से कर दी गई। अमेरिका स्थित अफगान आउटलेट Amu.tv की रिपोर्ट के मुताबिक शादी की तस्वीरें सामने आने के बाद खुद तालिबान अधिकारी हैरान रह गए और बच्ची को उसके ससुराल ले जाने से रोक दिया। हालांकि, तालिबान अफसरों ने यह भी कहा कि जब वह 9 साल की हो जाएगी, तब उसे पति के घर भेजा जा सकता है। दूल्हे ने बच्ची के परिवार को पैसे देकर यह रिश्ता तय करवाया। शादी हेलमंद के मर्जा जिले में हुई। इसके बाद पुलिस ने बच्ची के पिता और दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन अब तक किसी पर आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## अदालत में भावुक माहौल: जज ने सरकार को फोटो हटाने का आदेश दिया

### कहा- पीड़ित वकील मेरी बेटी होती तो क्या होता?

**चेन्नई,एजेंसी।** अदालती कक्ष में भावनात्मक माहौल के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आदेश दिया कि वह ऑनलाइन प्रसारित एक महिला वकील की निजी तस्वीरें और वीडियो को हटाने के लिए तत्काल कदम उठाए। ये वीडियो महिला वकील की सहमति के बिना बनाई गई। जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने खुली अदालत में रुंधे गले से कहा, मैं बस यही सोच रहा हूं कि अगर यह महिला वकील मेरी बेटी होती, तो क्या होता। उन्होंने कहा, वह याचिकाकर्ता से मिलने का इरादा कर रहे थे, लेकिन इसके लिए उन्हें हिम्मत जुटानी होगी, ताकि वह टूट न जाएं। यह सामग्री कथित तौर पर महिला वकील के पूर्व साथी ने पीड़िता की जानकारी



के बिना रिकॉर्ड की और अश्लील वेबसाइटों, मैसेजिंग एप और सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। न्यायाधीश ने वायरल हो रही सामग्री का हवाला देते हुए कहा, महिला बेहद मानसिक पीड़ा से गुज़र रही है। अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भी प्रतिवादी बनाया और सभी हितधारकों को निर्देश जारी करने को कहा। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे में महिलाओं को इसी तरह के उत्पीड़ने से बचाने के लिए व्यवस्थागत सुधार की आवश्यकता है।

**48 घंटे के भीतर कार्रवाई कर, 14 जुलाई तक अनुपालन रिपोर्ट पेश करें** :जस्टिस वेंकटेश ने केंद्रीय मंत्रालय को 48 घंटे के भीतर तस्वीरों और वीडियो का पता लगाने, उन्हें ब्लॉक करने और हटाने का निर्देश दिया। कोर्ट ने 14 जुलाई तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी। अचानक वर्षों बाद कॉलेज के दिनों की तस्वीरें वायरल होने लगी। वकील के हलफनामे के अनुसार, उसके कॉलेज के दिनों के साथी ने चुपके से उनके अंतरंग पलों को रिकॉर्ड कर लिया। अचानक वर्षों बाद, ये तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन प्रसारित होने लगे।

## ऊर्जा क्षेत्र में संकट और अवसर: दोराहे पर भारत, त्वरित फैसले से हरित ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व संभव

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत एक तरफ बढ़ती ऊर्जा मांग पूरी करने, स्वच्छ तकनीकों और नीतिगत सुधारों की दौड़ में है, तो दूसरी ओर निवेश की कमी, कोयला निर्भरता और ऊर्जा असमानता जैसे जोखिमों में उलझा हुआ है। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की ताजा फोरकास्टिंग और असेसमेंट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड एनर्जी (एफएटीई) रिपोर्ट-2025 में किया गया है। एक तरह से भारत ऊर्जा क्षेत्र में दो राहों के बीच खड़ा है। रिपोर्ट भारत को न केवल चेतावनी देती है बल्कि हरित ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व का मौका भी सामने रखती है, बशर्ते वह अभी निर्णायक कदम उठाए। अगर तत्काल नीतिगत निर्णय और निवेश नहीं किए गए तो ऊर्जा संकट गहरा सकता है लेकिन यदि 'मेक इन इंडिया' के तहत ग्रीन एनर्जी नीति को तत्परता से लागू किया गया, तो भारत आत्मनिर्भर व ऊर्जा परिवर्तन का वैश्विक मॉडल भी बन सकता है। एफएटीई के अनुसार, अगले दस वर्षों में भारत की ऊर्जा मांग दुनिया में सबसे तेजी के साथ बढ़ेगी। औद्योगिकीकरण,



बढ़ती आबादी और शहरीकरण के कारण यह मांग सालाना 4-5 फीसदी की दर से बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है, यह उछाल तभी टिकाऊ बन सकता है जब भारत नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, बैटरी स्टोरेज और ग्रिड आधुनिकीकरण जैसे क्षेत्रों में ठोस निवेश करे।

**निवेश की कमी सबसे बड़ी रुकावट** :रिपोर्ट में स्पष्ट कहा है कि भारत को हरित ऊर्जा में आगे बढ़ने व ऊर्जा संकट से उबरने के लिए मौजूदा से पांच गुना अधिक निवेश की जरूरत है, लेकिन सच्चाई यह है कि निजी निवेशक अब भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश करने से हिचकते हैं। अंतरराष्ट्रीय जलवायु फंडिंग की पहुंच भारत तक सीमित है। भारत में कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत कोयले से होता है, जिससे यह अब भी ऊर्जा का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। इससे भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है।

**मेक इन इंडिया और ग्रीन एनर्जी आत्मनिर्भरता की कुंजी** -रिपोर्ट के अनुसार, मेक इन इंडिया व ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में भारत की प्रगति, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। सौर, पवन, हरित हाइड्रोजन जैसे नवीकरणीय स्रोतों के उत्पादन में यदि भारत स्वदेशी तकनीक और निर्माण को प्राथमिकता देता है तो न केवल ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटेगी, बल्कि लाखों रोजगार भी सृजित होंगे।

**ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अगली क्रांति का केंद्र बन सकता है**-'नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' के तहत भारत ने 2030 तक 5 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य तय किया है। भारत यूरोप और जापान जैसे बाजारों के लिए बड़ा निर्यातक बन सकता है। ग्रीन एनर्जी विस्तार से 10 लाख से अधिक नई नौकरियों की उम्मीद है।

## सोनपुर पुलिस ने भारी मात्रा में सबलपुर से अंग्रेजी शराब को किया बरामद

**सोनपुर।** वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के आदेशानुसार सोनपुर पुलिस ने रात्री में विशेष अभियान चलाया जिसमें गुप्त सुचना के आधार पर सोनपुर थाना अंतर्गत सबलपुर दियरा क्षेत्र के गंगा घाट पर नाव से लाए जा रहे विभिन्न ब्रांड के कुल 238.325 लीटर अंग्रेजी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। एक बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार को बताया कि रॉयल स्टेग-167 बोतल,ऑफटर डार्क ब्लु-85 पीस,ऑफिसर च्वाईस-480 टेट्रा पैक,गॉड फादर केन बियर 40 पीस,किंग फिसर केन बियर 58 पीस, किंग फिसर बियर्स-05 बोतल कुल 238.325 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। शराब को बरामद करते हुए मौके पर एक नाव को भी पुलिस ने जप्त कर ली है। उन्होंने बताया कि शराब कारोबार में संलिप्त कारोबारीयों को चिन्हित कर लिया गया है। संलिप्त कारोबारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।.इस छपामारी में शामिल रहे। पु0नि0 सह थानाध्यक्ष राजनंदन, सोनपुर थाना सहित पु0अ0नि0 राहुल रंजन, परि0पु0अ0नि0 ओमप्रकाश साह,प्र0पु0अ0नि0 विकाश कुमार, स0अ0नि0 रंजित कुमार,स0अ0नि0 सुनिल कुमार,स0अ0नि0 शंकर कुमार, स0अ0नि0 दिलिप कुमार दिवाकर,सि0 89 निखिल कुमार,चौ0 1/13 तारकेश्वर कुमार।

## अलग-अलग घटनाओं में एक दर्जन घायल, दो सदर अस्पताल छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग इलाकों में बाइक दुर्घटना और मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में सभी का सीएचसी मशरक में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। पहले घटना में मशरक नगर पंचायत के दलित टोला गांव में मारपीट में रूपेश कुमार मांझी और राजा मियां घायल हो गए। घायलों ने बताया कि मारपीट का कारण तख्त टोला गांव में सड़क निर्माण के दौरान मशीन हटाने के लिए बोलना है। दूसरी घटना में इसुआपुर थाना क्षेत्र के डोईला गांव में बाइक दुर्घटना में कुम्हैला गांव निवासी रामकरण साह का 21 वर्षीय पुत्र गुंजन कुमार घायल हो गए। तीसरे घटना में मशरक बाजार आ रहें गंगौली गांव निवासी भगवान ठाकुर का 28 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार और 35 वर्षीय पिंटू ठाकुर घायल हो गए। वहीं तरैया थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव में मारपीट में 44 वर्षीय रामप्रकाश साह, 10 वर्षीय निशा कुमारी, 40 वर्षीय सीता देवी,21 वर्षीय प्रीति कुमारी ,15 वर्षीय मनीषा कुमारी घायल हो गए जिसमें प्रिति कुमारी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## सोनपुर में बिजली चोरी के आरोप में दो उपभोक्ताओं पर एफआईआर

**सोनपुर।** बिजली विभाग की विशेष जांच टीम ने बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए दो उपभोक्ताओं को पकड़ा है। दोनों मामलों में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन दोनों उपभोक्ताओं की करतूत से बिजली विभाग को कुल 40,705 की आर्थिक क्षति हुई है।पहली कार्रवाई सोनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छितरचक शाहपुर दियारा निवासी उपभोक्ता मोहन राय, पिता स्व. रामनाथ राय के आवासीय परिसर पर की गई। कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में पाया गया कि उपभोक्ता द्वारा मीटर से पहले सर्विस वायर में छेड़छाड़ कर एक अतिरिक्त तार के माध्यम से मीटर को बायपास कर सीधे बिजली का अवैध उपयोग किया जा रहा था। इस गड़बड़ी से 400 वॉट के अवैध लोड का उपयोग किया जा रहा था, जिससे विभाग को करीब 16,404 की क्षति का अनुमान लगाया गया है। संबंधित उपभोक्ता का उपभोक्ता संख्या DS-ID: 90024601068 है। वही दूसरी कार्रवाई ग्राम तिरथचक शाहपुर दियारा निवासी उपभोक्ता चिंता देवी, पति स्व. असर्फी राय के घर पर हुई। जांच के दौरान न केवल यह सामने आया कि उपभोक्ता के नाम पर ?23,138 की बकाया राशि है, बल्कि उनके पुत्र मनोज कुमार राय द्वारा भी मीटर से पहले वायरिंग में टेपिंग कर बिजली की चोरी की जा रही थी। इस अवैध कनेक्शन से कुल 24,301 की क्षति हुई। इन दोनों से कुल ?47,435 की वसूली प्रस्तावित है।

दोनों मामलों की जांच में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा सोनपुर के कनीय अभियंताओं के साथ तकनीकी कर्मचारी शामिल रहे। विभाग ने इन दोनों मामलों में कड़ा रुख अपनाते हुए सोनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## ढाई वर्षीय बच्चे की नाले में डूबने से मौत

**मांझी(सारण)।** गुरुवार की शाम माँझी नगर पंचायत के रघुनाथ गिरी के मठिया में एक दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम छा गया। स्थानीय रघुनाथ गिरी मठिया निवासी मनीष कुमार साह का ढाई वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार साह की नाले में डूबने से मौत हो गई। घटना के बारे मे बताया जा रहा है कि घटना उस समय घटी जब मासूम घर के पास ही स्थित नाले के समीप खेल रहा था। इसी दौरान नाले में जा गिरा और डूबकर उसकी मौत हो गई। परिजन बालक के दरवाजे पर नही दिखने के बाद खोज बिन करने लगे इसी क्रम में किसी ने बच्चे को पास के नाले में गिरे होने की बात कही। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और बच्चे को बाहर निकाला और मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहा लेकिन डॉ द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना के बाद से पूरे गांव में मातम पसर गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन कार्यक्रम संपन्न

# डॉ. संदीप कुमार अध्यक्ष, राकेश कुमार मिश्रा सचिव निर्वाचित, सौरभ कुमार 'ट्विंकल' कोषाध्यक्ष बने

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन समारोह भरत मिलाप चौक के समीप सुपरमार्केट के ऊपर स्थित सभागार में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के तमाम बुद्धिजीवी, पत्रकार, चिकित्सक व समाजसेवी शामिल रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत कुमार मलिक ने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ छपरा ने बीते दो वर्षों में जितना सेवा कार्य किया है, उतना कार्य किसी अन्य क्लब द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के प्रति उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।इस मौके पर डॉ. एस.के. पांडेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों




को शपथ दिलाई और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह को क्लब का प्रशासक नियुक्त किया गया। वहीं चार्टर्ड अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, धनंजय पासवान, सौरभ कुमार पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल किया गया। इस अवसर पर डॉ. बबन कुमार सिंह को मेडिकल कैंप चेयरपर्सन, डॉ. मकेश्वर चौधरी को टेल ट्विस्टर व अश्विनी कुमार परमार को पीआरओ नियुक्त किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों को विभिन्न समितियों का चेयरपर्सन बनाया गया।नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने अपने कार्यकाल में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन सदन के समक्ष रखा। सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा व धन्यवाद ज्ञापन भी किया।मंच संचालन लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अन्य क्लबों के सदस्य, रोटरी क्लब के सदस्य, शहर के समाजसेवी, पत्रकार व आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने लायंस क्लब ऑफ छपरा के सामाजिक कार्यों की सराहना की।इस मौके पर विक्की आनंद, जोन चेयरपर्सन डॉ. कामेश्वर राय, डॉ. निशु कुमार, डॉ. अमित रंजन, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा, डॉ. मंजय शर्मा, वरुण प्रकाश, कृष्ण जी, अनिल कुमार शर्मा, डॉ. सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।इसी अवसर पर अभिषेक कुमार व राजू कुमार ने लायंस क्लब ऑफ छपरा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत मलिक व डॉ. एस.के. पांडेय ने पिन पहनाकर सदस्य बनाया। कार्यक्रम के अंत में सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एकमा में जिलाधिकारी ने मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अमन समीर गुरुवार को एकमा प्रखंड क्षेत्र पहुंचे। भ्रमण के दौरान वे मांझी प्रखंड होते हुए बूथ संख्या 158, प्राथमिक विद्यालय नवतन गांव पहुंचे, जहां उन्होंने बीएलओ और मतदाताओं से संवाद कर अभियान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने आम जनता की शंकाओं का समाधान भी किया। इसके बाद जिलाधिकारी एकमा प्रखंड मुख्यालय के निर्वाचन शाखा कार्यालय पहुंचे। वहां तैनात अधिकारियों, कर्मियों और ऑपरेटरों से पुनरीक्षण कार्य में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनके समाधान भी बताए। बताया गया कि एप्लीकेशन में तकनीकी समस्या आने के कारण ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में बीएलओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने कहा कि लगातार प्रयास करने से एप्लीकेशन सामान्य रूप से कार्य करने लगता है।उन्होंने निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में इस विशेष अभियान को हर हाल में पूरा किया जाए। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद जावेद इकबाल, डीपीआरओ शशि कुमार, बीडीओ डॉ अरुण कुमार, सीओ राहुल शंकर, बीपीआरओ अंगेश कुमार यादव सहित बीएलओ सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## सोनपुर नारायणी नदी स्थल से लेकर हरिहरनाथ द्वार तक अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**● पुन: अतिक्रमण होगा तों होंगी दंडनात्मक कार्रवाई- कार्यपालक दंडाधिकारी**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन मास में लाखों काँवरिया की भीड़ गंगा नदी पहलेजा घाट से लेकर बाबा हरिहरनाथ के मंदिर द्वार तक काफी भीड़ श्रद्धालुओं को बाबा हरियाणा नाथ पर जलभिषेक करने के लिए होता है। ऐसे में काँवरियो व स्नार्थियों के सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के आदेशानुसार सोनपुर कार्यपालक दंडधिकारी रामजी पासवान के नेतृत्व में अतिक्रमण मुक्त गुरुवार को कराया गया। यह अतिक्रमण मुक्त सोनपुर के नारायणी नदी कालीघाट से लेकर बाबा हरिहरनाथ मुख्य द्वार तक अतिक्रमण मुक्त कराया गया।




अतिक्रमण की खबर सुनते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण किए गए दुकानदार अपने-अपने सामानों को समेटने में जुटे रहे वहीं प्रशासन का बुलडोजर तोड़ते-फोड़ते हुए आगे बढ़ते रहे। प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर सौकड़ो अतिक्रमण किए गए स्थलों पर लगे दुकान को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस मौके पर राजस्व अधिकारी राजकमल, सोनपुर नगर प्रबंधक भगवान भुवल भास्कर, हरिहरनाथ अपर थानाध्यक्ष प्रिंस राज सहित दर्जनों पुलिस कुर्मी इस अतिक्रमण किए गए स्थलों को अतिक्रमण मुक्त करने में अपना सहयोग दिया। संत बालक बाबा,मठाधीश रामदास,पंडित रामसरे जी,समाजसेवी लाल बाबू पटेल ने बताया कि अतिक्रमण होने से स्नार्थियों से लेकर श्रद्धालुओं को काफी परेशानी होती है। अतिक्रमण मुक्त हो जाने से लाखों श्रद्धालुओं व काँवरियो को होने वाले परेशानियों से निजात मिलेगी। अतिक्रमण मुक्त स्थल होने के कारण सड़क मार्ग चौड़ा दिखाई पड़ रहा है। अब राहगीरों को इससे फायदा होगा। कार्यपालक दंडाधिकारी रामजी पासवान ने बताया कि अतिक्रमण किए गये दुकानदारों को दो दिन पहले निर्देशित किया गया था कि अपने अपने समानों को हटा ले और अतिक्रमण किए गये स्थलों को खाली कर दे लेकिन उनलोगो ने आपने आदत से बाज नहीं आये जिसके कारण बोलडोजर चलवा कर अतिक्रमण स्थलों को मुक्त किया गया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि नारायणी नदी से लेकर हरिहर नाथ मंदिर होते हुए हरिहरनाथ द्वारा तक अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थल पर पुनः दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी प्रभारी को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के नए प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वही सीएचसी प्रभारी की उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। हजारीबाग कोरा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि डॉ अनंत नारायण कश्यप एक कर्मठ और कुशल चिकित्सक हैं। इनके प्रभारी बनने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है। मौके पर तारकेश्वर प्रसाद, नितेश सिंह, कन्हैया कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## श्रावणी मेला के लिए विशेष ट्रेनों का होगा परिचालन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में आयोजित होने वाले श्रावणी मेले 2025 में उमड़ने वाली अपार भीड़ को ध्यान में रखते हुए, सोनपुर मंडल द्वारा विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली दो विशेष ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है।

गाड़ी सं. 05545/ 05546 रक्सौल- देवघर- रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल (रक्सौल से प्रारंभ होकर यह ट्रेन सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर, खुदीराम बोस पूसा, कर्पूरीग्राम, बछवारा, बरौनी जंक्शन, एवं दिनकर ग्राम सिमरिया होते हुए देवघर पहुंचेगी। (सप्ताह में तीन दिन)ः- गाड़ी सं. 05545 रक्सौल-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को रक्सौल से 05.15 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए उसी दिन 16.50 बजे देवघर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05546 देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को देवघर से 17.50 बजे खुलकर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 06.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वही गाड़ी सं. 05597/ 05598 जयनगर- आसनसोल- जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल (जयनगर से प्रारंभ होकर यह ट्रेन सोनपुर मंडल के दलसिंहसराय, बछवारा, बरौनी जंक्शन, तिलरथ, बेगूसराय, साहेबपुर कमाल, एवं सबदलपुर होते हुए आसनसोल पहुंचेगी। (सप्ताह में तीन दिन)ः- गाड़ी सं. 05597 जयनगर- आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 08.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.05 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 11.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05598 आसनसोल- जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल 12.07.2025 से 09.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को आसनसोल से 13.00 बजे खुलकर 14.30 बजे जसीडीह सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 04.20 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

## 1006 पीस किंगफिशर बीयर लदा थार वाहन बरामद

**अज्ञात तस्करों पर एकमा थाना में केस दर्ज जांच-पड़ताल शुरू**



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** छपरा-सिवान एनएच 531 पर गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 1006 पीस किंगफिशर बीयर लदा एक लाल रंग का थार वाहन बरामद किया है। यह कार्रवाई रसूलपुर व एकमा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने की। मामले में एकमा थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।बताया गया कि सिवान से छपरा की ओर आ रही लाल रंग की थार गाड़ी को रसूलपुर थाना पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर एकमा की तरफ भाग निकला। पीछा करने के दौरान वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बच गया। रसूलपुर पुलिस द्वारा एकमा पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद एकमा थाना की टीम ने आगे से घेराबंदी की।गाड़ी चालक रेलवे ओवरब्रिज पार कर आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव की ओर भागने लगा, लेकिन आगे जाकर कर्णपुरा गांव के पास थार वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने लावारिस हालत में जब वाहन की तलाशी ली तो उसके अंदर से 500 मिलीलीटर वाली 1006 बोतलें (कुल 503 लीटर) किंगफिशर बीयर बरामद की गई। थार वाहन को पुलिस ने ट्रैक्टर की मदद से एकमा थाना परिसर में लाया। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार, पुलिस अवर निरीक्षकगण क्रमशः अमित कुमार, संजीव कुमार, उमाकांत शर्मा समेत सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने संयुक्त रूप से अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## राम जानकी संगीत महाविद्यालय पूर्वी घराना मिश्रवलिया में गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया गया

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के मिश्रवलिया स्थित राम जानकी संगीत महाविद्यालय पूर्वी घराना में गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। इसे उत्सव के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य व संस्थापक पंडित विनोद कुमार मिश्र का गुरु पूर्णिमा के दिन जन्मदिन होने पर उपस्थित सम्मानित जनों ने केक काटकर के उनका जन्म दिवस मनाया। उनके शिष्यो ने उन्हे अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में पंडित महेंद्र मिश्र की कालजई क ई रचनाओं को उपस्थित कलाकारों ने स्वर दिया।पंडित महेंद्र मिश्रा की पूर्वी धुनो के गीतो को प्रस्तुत कर बाल कलाकारों ने उपस्थित जनों का दिल जीत लिया।मौके पर उपस्थित युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा है और संगीत के गुरु पंडित विनोद मिश्र को सम्मानित करना हम सभी के लिए गौरव की बात है। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह,लोक गायक चंदन सिंह मिंटू,मनीष तिवारी, डॉ मुन्ना भास्कर,शिखा तिवारी,पूजा,पायल, टावर बाबू सहित दर्जनों कलाकार उपस्थित थे।



## दुमदुमा शिव मंदिर में जलाभिषेक की व्यवस्था होगी चुस्त दुरुस्त



**दैनिक खोज खबर/मशरक(सारण)।** मशरक के दुमदुमा के चतुर्मुखी नाथ मंदिर में सावनी मेला शुरु होने वाला हैं इस सावन की पावन महीने के पहली सोमवारी का शुभारंभ शुक्रवार से होगा। सावन के पवित्र महिने में हर शिवालयों का महत्व बढ़ जाती है प्राय~ सभी शिवालयों में साफ-सफाई से लेकर रंगाई पुताई एवं सजावटी लाइट सहित फुलमाले से सुसज्जित होना पूर्ण हो चुका हैं।मशरक अवस्थित दुमदुमा चतुर्भुमुखी नाथ भगवान मंदिर को क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिर के रुप मे जाना पहचाना जाता है। अत्यंत पौराणिक एवं धार्मिक महत्व वाले इस मंदिर से कई मान्यताएं जुड़ी हुई है। यही कारण है कि सावन के अलावा हर महीने के तेरस प्रदोष को लोगों की भीड़ लगती है।अब इस सावन में यहां दूर दूर से हजारों लोग रोज पहुंचेंगे । सोमवारी पर यह भीड़ पूरी दिन बनी रहती है। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर को भी इस इस साल विशेष रुप से देने का काम पूर्ण कर लिया गया है। मंदिर के पुजारी उमेश गिरी ने बताया कि हमारी कई दिनों के मेहनत और लगन के साथ मंदिर कमिटी सदस्यों एवं सहायक पुजारी चन्द्रमा मिश्रा, राजेश्वर गिरी, मिन्टु गिरी के सहयोग से आज आने वाली सोमवारी को सजधज कर तैयार है । हर साल की भांति इस सावन के पहली सोमवारी सहित सावन भर मेला का भी आयोजन किया गया है ।जिसमें हमारे मंदिर कमिटी के सदस्य और पुलिस प्रशासन के द्वारा पैनी नजर रखें जाएंगे। अंचलाधिकारी सुमंत कुमार ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर सारी तैयारी कर सावन पर चतुर्मुखी नाथ मंदिर की व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर प्रखंड के प्रत्येक शिवालयों पर पुलिस बल सहित अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। श्रावणी मेले में इस वर्ष मंदिर विशेष दिखे इसके लिए मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सचिव शम्भू नाथ सिंह, कैशियर नागेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रवीण सिंह, राजेश सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सिंह, सचिव उदय सिंह, शिवबहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह उर्फ़ राजू सिंह, विजय सिंह शिक्षक के साथ सलाह मशविरा कर कई निर्णय लिए गये है जिस पर मंदिर के पुजारी सहित मंदिर कमिटी सदस्यों द्वारा तेजी से कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं।भगवान चतुर्मुखी नाथ बाबा सबके मुरादे करते हैऔर पूर्ण यहां भगवान चतुर्मुखी नाथ बाबा की कृपा भक्तों को मिलती है।प्रत्येक साल लाखों की संख्या में यहां शिव भक्त भगवान चतुर्मुखीनाथ को जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं सावन में रोज यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं सावन की सोमवारी और शिवरात्रि पर यह संख्या बहुत बढ़ जाती हैं।शिवभक्तो की भीड़ प्रशासन के लिए चुनौती के रुप में होती है। सावन में मंदिर के गर्भगृह तक पहुंचने के लिए महिला पुरुष के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग का व्यवस्था किया गया है। डीएसपी अमरनाथ , अंचलाधिकारी सुमंत कुमार, थानाध्यक्ष रणधीर कुमार प्रखंड विकास अधिकारी पंकज कुमार के द्वारा मंदिर के कमिटी के सदस्यों को इस कार्य हेतु निर्देशित किया गया है। बैरिकेटिंग से महिला पुरुष अलग-अलग लाइन से होकर गर्भगृह तक पहुंचेंगे। वहीं अंचलाधिकारी सुमंत कुमार ने बताया कि मशरक अंचल के दुमदुमा में सुप्रसिद्ध चतुर्मुखी नाथ मंदिर में सावन की सोमवारी एवं शिवरात्रि को जलाभिषेक की व्यवस्था में महिला बैरिकेटिंग में महिला पुलिस बल मुस्तैद रहेगी । सावन के अन्य दिनों को श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति होगी वहीं सोमवारी और शिवरात्रि के दिन गर्भगृह में अनावश्यक प्रवेश पर रोक रहेगी। मंदिर के पुजारी उमेश गिरी ने बताया कि मंदिर का पौराणिक इतिहास बड़ेबुजुर्गो के द्वारा सुनने में आया है कि बहुत पहले अलुआ के खेत में एक विशाल शीशम का पेड़ था जिसे जमीन वाले ने शीशम के पेड़ के चारो तरफ मिट्टी का खुदाई कर रहा था कि कुदाल जाकर किसी बड़े आकार के पत्थर में टक्करा कर पत्थर के शिव लिंग आकार के चारमुख वाले शिवलिंग को बाहर देख कर लोगों से कहता इससे पहले लोगों की भीड़ जमा हो कर खुदाई तो कर लिया गया मगर इधर से उधर टस से मस नहीं हुआ इस पर मशरक के कृति प्रसाद हाथी लाकर ले जाकर कोशिश किए मगर हिला तक नहीं और एक मुख के आकार जो कुदाल से थोड़ा कटा था उसमें से खुन की फवारे निकलने लगा फिर सभी ग्रामीण और कृति प्रसाद ने निर्णय लिया कि यही क्यों न मंदिर का निर्माण करा दिया जाय फिर बाबा चतुर्मुखी नाथ के मंदिर का निर्माण हुआ और चार मुख होने से बाबा चतुर्मुखी नाथ के नाम से आज तक यह मंदिर प्रसिद्ध है ।मुख्य बात यह है कि आज भी वह मुख पर कुदाल से कटा हुआ का निशान है जो सावन से लेकर हर माह में घोघारी नदी में जल बोझकर भगवान चतुर्मुखी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते है। आज से ही कंवरिया का जत्था मंदिर परिसर में जुटने लगे है ।उतर प्रदेश के देवरिया जिले से रत्नेश जयसवाल अपने साथियों के साथ पहली सोमवारी को घोघारी नदी से जलबोझकर बाबा चतुर्भुजी नाथ मंदिर में जलाभिषेक कर बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा प्रारंभ करेंगे ।

## मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गंदगी का अंबार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सफाई कर्मियों द्वारा गुरुवार को साफ सफाई नही किये जाने के कारण गंदगी का अंबार लगा देखकर मरीजों ने नाराजगी प्रकट की। सूचना पाकर सीएचसी पहुंचे मांझी नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान ने क्षोभ प्रकट किया तथा इसकी शिकायत चिकित्सा प्रभारी डॉ रोहित कुमार से की। बाद में चिकित्सा प्रभारी ने अपने स्तर से परिसर की साफ सफाई कराई जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली। इस सम्बंध में पूछे जाने पर डॉ कुमार ने बताया कि एक पखवाड़े पूर्व ही सीएस को पत्र भेजकर उन्होंने सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति की जानकारी दे दी है। तथा आज फिर जिलाधिकारी को भी आवेदन के माध्यम से इस बात की जानकारी दी गयी है। सफाईकर्मियों ने बताया कि पिछले वर्षो से उनके मानदेय का भुगतान कतिपय कारणों से नही हो सका है। इसी वजह से सफाई कर्मी इधर कुछ दिनों से सफाई पर पूरा ध्यान नही दे रहे हैं।

## बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने मांझी नया रेलपुल से रामघाट जाने वाली सड़क से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्करों में उतर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह गांव निवासी एक्सप्रेस कुमार का पुत्र डीएम साहब तथा मांझी चट्टी के लाल साहेब साह का पुत्र पिंटू कुमार बताया जाता है। इस मामले में पुलिस ने कुल पांच तस्करों की पहचान की है।पहचान किये गए शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नया रेल पुल के से राम घाट जाने वाले रास्ते से शराब के तस्कर शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान विभिन्न तरह के अंग्रेजी शराब बरामद किये गए।बरामद शराब की मात्रा 70 लीटर बतायी जाती है। गिरफ्तार दोनो तस्करों ने शराब से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस नगर पंचायत के चैनपुर के तीन तस्करों की पहचान हुई जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## गरीबनाथ धनौरा से कांवरिया का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** श्रावण मास के पवित्र महिना में बाबा बैधनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बाबा गरीबनाथ मंदिर धनौरा कोठियाँ से 60 कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था माँ अम्बिका भवानी आमी, हरिहरनाथ मंदिर सोनपुर होते हुए सुलतानगंज पहुंचेगी। वहाँ से गंगा स्नान कर जल उठाते हुए बाबा नगरी देवघर में जलाभिषेक कर बासुकीनाथ जाएगी। रास्ते में तारापीठ, राजगीर होते हुए दिनांक 15 जुलाई को वापस आएगी। जत्था का नेतृत्व भाजपा नेता बलेश्वर सिंह कर रहे थे जिसमें कांवरियों के नास्ता खाना का व्यवस्था भी साथ था?। नवयुवक कांवरिया संघ धनौरा, कोठियाँ, मुसेपुर, रसलपुर, नरावं, मदनपुर, के दर्जनों व्यवसायी के साथ ग्रामीण भक्त सामिल रहे। जत्था में मौजमपुर पंचायत के सरपंच आदित्य कुमार सिंह,जयप्रकाश सिंह , गजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, शिक्षक अवधेश कुमार,म जितेंद्र कुमार सिंह,विजय कुमार सहित 60 लोग कावंर यात्रा में सामिल रहे।

## शिल्हौरी शिव मंदिर परिसर में श्रावणी मेला का एसडीएम-डीएसपी ने फीता काट कर किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** शिल्हौरी के एतिहासिक शिव मंदिर परिसर में श्रावणी मेला का उद्घाटन स्थानीय एसडीएम निधि राज और डीएसपी नरेश पासवान ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर एसडीओ और डीएसपी ने पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर प्रबंध कमिटी को जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि मंदिर में पहुंचने भक्तों की भीड़ को ध्यान में रखकर प्रशासनिक स्तर पर पूरी चौकसी रखी गई है। मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा पर पूरी नजर रखी जा रही है?। मंदिर के बाहर तथा भीतर के परिसर को अलग अलग जोन में बाटकर पुलिस और अधिकारी को प्रतिनियुक्ति किया गया है। पुलिस और प्रशासन मंदिर के गर्भ गृह, मंदिर परिसर और मंदिर के मुख्य गेट पर मौजूद रहेंगी। एसडीएम ने स्थानीय लोगों से भी पूजा और जलाभिषेक करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सेवा भाव रखने और सहयोग के लिए तत्पर रहने का आग्रह किया। डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि इस मंदिर में हजारों लोग दर्शन और पूजन के? लिए पहुंचते है। स्थानीय सभी का यह दायित्व है कि वे श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखे। आप सभी का सहयोग मंदिर की प्रसिद्धी को और आगे ले जाएगा। इस अवसर पर मढ़ौरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, मंदिर प्रबंधन समिति के जितेन्द्र कुमार, संजय सिंह, प्रधान पुजारी धर्मेन्द्र उपाध्याय, सर्वेश्वर उपाध्याय, आलोक उपाध्याय सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंदिर की साफ सफाई सहित मंदिर भवन को रंगीन लाईट की झालर से सजाया गया है जिसकी आभा लोगों को मोहित करती रही। श्रावणी मेला को लेकर मंदिर का परिसर भी मेला में तब्दील दिखा। मेला में पूजा सामग्री के अतिरिक्त झुला, खाने पीने की वस्तुए, महिलाओं के लिए मीणा बाजार आदि सज गया है।

## भावलपुर पंचायत में सरपंच पद सहित अन्य पदों पर शांतिपूर्ण मतदान के बाद आज होगी मतगणना

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड में पंचायत उपचुनाव में भावलपुर पंचायत में सरपंच पद सहित अन्य पदों पर शांतिपूर्ण मतदान के बाद आज रिजल्ट आएगा। प्रखंड के भावलपुर में सरपंच पद के साथ मुबारकपुर पंचायत से एक पंच, हथिसार पंचायत से दो पंच, बहुआरापट्टी पंचायत से एक पंच, माधोपुर पंचायत से एक पंच, तेजपुरवा पंचायत से एक ग्राम सदस्य पद के लिए मतदान हुआ था। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सुधीर कुमार ने बताया कि भावलपुर पंचायत से सरपंच पद के लिए चार अभ्यर्थी चुनाव मैदान में थे। इसमें मनीष कुमार सिंह, अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह और रामकुमार सिंह के बीच से नए सरपंच का फैसला होना है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सरपंच पद पर अनिल कुमार सिंह और अधिवक्ता मृत्युंजय सिंह के बीच आमने सामने की स्थिति है। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना को लेकर पुरी तरह से चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था की गई है।

## बाबा गंगाराम वेद विद्यालय का विधिवत शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के जैंतिया गांव में गुरुवार को श्रीराम वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित बाबा गंगाराम वेद विद्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अनेक विद्वान आचार्य, समाजसेवी, ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। वैदिक यज्ञ, संध्या वंदन, मंगलाचरण और वैदिक विधि से गुरुकुल का उद्घाटन हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि यहां वेद, संस्कार, ज्योतिष, कर्मकांड और सनातन संस्कृति की निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करना है। हम पारंपरिक गुरुकुल पद्धति के अनुसार शिक्षा प्रदान करेंगे, जिसमें आवासीय सुविधा, भोजन और शिक्षा पूर्णतः निशुल्क होगी। संस्थान के संरक्षक विश्वजीत पाण्डेय ने बताया कि यह गुरुकुल बाबा गंगाराम के नाम पर समर्पित है, जिनकी लोकआस्था और त्याग आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्था द्वारा 10 बच्चों का निःशुल्क उपनयन संस्कार किया गया। हमारा प्रयास है कि बच्चों को सनातन संस्कृति और वेदों की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी प्रदान की जाए।

## छपरा : लोककवि भिखारी ठाकुर की 54वीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक आयोजित



- **उत्तर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक थे भिखारी ठाकुर - हरिनारायण ठाकुर**

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** कवि, लेखक,नाटककार, साहित्यकार लोककवि भिखारी ठाकुर की 54 वीं पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ हरिनारायण ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भिखारी ठाकुर उत्तर भारत मे सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक रहें हैं। भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर भोजपुरी साहित्य और संस्कृति में जो अमिट छाप छोड़ गए हैं वह अमर है। वे भोजपुरी जनचेतना के महानायक कहे जाते हैं। जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन एक कला साधक के रूप में सामाजिक कुरीतियों को नष्ट करने में लगा दिया। वे अपने नाटक व गीतों के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था ,उंच-नीच का भेद, स्त्री उत्पीड़न, आदि तत्कालीन रूढ़िवादिता के खिलाफ लोगों को आवाज दिया। आगे चल कर समाज से यह रूढ़िवादिता खत्म हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि भिखारी ठाकुर वर्तमान में 20 करोड़ से अधिक भोजपुरिया समाज के प्रतीक हैं। भिखारी ठाकुर रचनावली का संपादन करने वाले डॉ यादव ने आगे कहा कि आज के दौर में सामाजिक विसंगतियों को दूर करने हेतु भिखारी ठाकुर प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपनी रचना, गीत, संगीत एवं नाटकों के मध्यक से सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने हेतु जो प्रयास किया वह आज के दौर में सरकार कर रही है। पलायन, स्त्री-शिक्षा, आदि महत्वपूर्ण है। इसके पूर्व सारण जिला अधिकारी अमन समीर ने भिखारी ठाकुर चौक स्थित ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर डॉ बीएन यादव, डॉ लालबाबू यादव, राजकिशोर प्रसाद ठाकुर, डॉ सुनील प्रसाद, भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र राकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे। वहीं प्रेक्षगृह में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में गायक रामेश्वर गोप ने विदेशिया एवं भिखारी ठाकुर के मंगलाचरण गीतों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सारण जिला नाई संघ एवं लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक महित्सव छपरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध भोजपुरी प्रेमी शिरकत किये। जिसमे जिला पार्षद अध्यक्षा जयमित्रा देवीं, उपमहापौर रागिनी देवीं, पूर्व प्राचार्य डॉ मृदुल शरण, ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश गुप्ता, सभापति बैठा, राकेश्वर राय,ब्रजमोहन सिंह,सुधांशु रंजन , केके वैष्णवी आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ लालबाबू यादव ने किया।

## धान के रोपनी के लिए बारिश के इंतजार में हैं किसान

- **दुरगौली पंचायत में (स्टेट बोरिंग) नलकूप चढ़ा घोटालें बाजो का निवाला**
- **नहर तो बना मगर मेन नहर और उसके छोटे नहरों को कभी पानी नसीब नही हुआ**

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के दुरगौली पंचायत में किसानों को धान की रोपनी के समय पानी की आवश्यकता के चलते पंपिंग सेट के सहारे खेती करने को मजबूर है ।आर्थिक रूप से सभी किसान अपनी खेती बाड़ी एवं रोपनी भगवान भरोसे छोड़ चुके है किसान बृजेश सिंह ने कहा कि नहर नलकूप सभी शोभा की बस्तु की तरह दिखाई दे रहा है मगर किसी भी समय काम नहीं आती कई बार आवेदन देकर हार चुके हैं कोई देखने सुनने वाला नहीं है। दुरगौली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ने बताया कि हम सारण डीएम को शिकायत किया हूँ जिसमें मुझे स्टीमेट 87 लाख रुपए का है मगर अभी सिजन में भी यह स्टेट बोरिंग चालू नहीं हुआ जिस पर नलकूप विभाग को सूचना दिया है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि हमारे पंचायत से तीन नहर गुजरती है मगर किसी नहर में पानी नहीं पहुंचता इसका शिकायत हम सिचाई विभाग से लेकर प्रखंड स्तर पर किया मगर कोई असर नहीं हो रहा हैं। पंचायत में पहले नलकूप लगा मगर धरातल पर नहीं उतरा क्योंकि बारह लाख रुपये की बंदरबाट कर नलकूप आज भी जैसी की तैसी पड़ा बाट जोह रहा हैं। छोटे नहरों को तो साफ-सफाई करवाई गई हैं मगर मेन नहर में जंगली पेड़ पौधों से जकड़ गया है अगर सरकार के कर्मचारियों की इधर ध्यान होता तो सिचाई नहरों के द्वारा हो सकती थी। नहर तो बना मगर मेन नहर और उसके छोटे नहरों को कभी पानी नसीब नही हुआ। प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें पड़ गई है। आसमान में उमड़-धुमर रहे बादल देख किसान आशान्वित तो होते है मगर बादल दगा दे रहे है ऐसा स्थिति रहा तो सूखे की आशंका प्रबल हो जाएगी। प्रखंड में ऐसा स्थिति बना तो बारिश की कमी से15 से 20 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो सकी है जबकि कई हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य था।रोपे गए धान की फसल को भी बचाने की जद्दोजहद में किसान जुटा हुआ है।

### पंपिंग सेट से धान बुआई करने में काफी अधिक खर्च

किसान संजीव कुमार सिंह, राज किशोर गिरी, शिवकुमार गिरी, ममन सिंह, सुशील सिंह,सिन्टू सिंह, जितना सिंह शशिभूषण सिंह ने बताया कि पंपिंग सेट चलाकर कुछ रोपनी की गई है लेकिन बारिश नहीं होने के कारण लगाई गई धान की फसल भी सूख रही हैं। चान्दबरवां के प्रकाश सिंह ने बताया कि जब तक बारिश नहीं होगी तब तक धान की बुआई करना कठिन काम है।पंपिंग सेट से पानी चलाकर रोपनी करने में काफी अधिक खर्च पड़ता है। अगर नहरों में पानी आता तो पंपिंग सेट लगाकर धान की रोपनी कर लेते मगर जिन किसानों ने बोरिंग के द्वारा धान की रोपनी किया है, उनके खेतों में पानी के आभाव में धान की फसल पिली पड़ने लगी है एवं खेतों में दरारें पड़ने लगी है।किसानों का कहना है कि थोड़ी बहुत बारिश होती तो खेती में जान आ जाती व किसान दुगनी उत्साह से खेती के काम में जुट गए होते लेकिन मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण धान की रोपनी बाधित हो रही हैं।

## गुरुपूर्णिमा पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के यदुरामपुर गांव स्थित गायत्री मंदिर परिसर में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर लेट्स इंसपायर बिहार एवं द डेमोक्रेटिक यूथ के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक परंपरा अनुसार हवन और पूजन अनुष्ठान से हुई। इसके पश्चात स्वर्गीय रामचंद्र सिंह की सुपुत्री श्रीमती ललिता देवी ने महोगनी का पौधा लगाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर महोगनी समेत दर्जनों छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ÷गुरुपूर्णिमा केवल गुरु के प्रति श्रद्धा का नहीं, बल्कि प्रकृति को गुरु मानकर उसके संरक्षण का भी दिन है।÷



**बिहार में 1 करोड़ पौधे लगाने का लिया संकल्प :**कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि लेट्स इंसपायर बिहार एवं द डेमोक्रेटिक यूथ ने मिलकर बिहार में एक करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसकी शुरुआत 06 जुलाई को पटना में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव द्वारा नीम का पौधा लगाकर की गई थी। सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी बने साक्षी कार्यक्रम में द डेमोक्रेटिक यूथ के सचिव राजेश सिन्हा, अध्यक्ष दिव्यांशु शेखर, महासचिव अश्विनी आनंदा, गायत्री प्रज्ञा पीठ के संचालक अजय प्रकाश एवं सुषमा प्रकाश, पुजारी हरेराम, समाजसेवी कामदानंदन, धीरेन्द्र चौधरी, हरि मुनि जी, मोहन राय, विनोद कुमार,राजेश सिन्हा ,सुशील कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय युवा, स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण की जरूरत और वृक्षारोपण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आम जन से अभियान से जुड़ने की अपील की।

## रिविलगंज में चांदनी प्रकाश की पहल पर नेत्र जांच शिविर आयोजित

- **655 लोगों की जांच, 322 को मुफ्त चश्मा, 45 का होगा नि :शुल्क ऑपरेशन**



**दैनिक खोज खबर /रिविलगंज (सारण)।** समाजसेवी ई. चांदनी प्रकाश के सामाजिक सरोकारों की कड़ी में रिविलगंज में एक और ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। उनके प्रयासों से गौतम ऋषि हाई स्कूल परिसर में निश्शुल्क नेत्र जांच सह मोतियाबिंद शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंदों ने आंखों की जांच कराई। शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ, मस्तीचक के अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के तकनीकी सहयोग से किया गया। शिविर में कुल 655 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 322 जरूरतमंदों को निश्शुल्क चश्मा प्रदान किया गया। वहीं 45 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिनका निश्शुल्क ऑपरेशन कराने के लिए विशेष बस के माध्यम से मस्तीचक भेजने की व्यवस्था की गई।शिविर का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद, जिला भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह , वरिस्ठ भाजपा नेता रामाकांत सिंह सोलंकी, रिविलगंज 20 सुत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंहःचौहन, नगर पंचायत के पूर्व चेयर मैन इंदु देवी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,भाई वीरेन्द्र वार्ड पार्षद दीना चौधरी, अनुरंजन सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कु सिंह, वार्ड पार्षद जय प्रकाश चौधरी, विकाश सिंह, शम्भूनाथ पांडेय ,भोला सिंह और युवा स्वयंसेवक मौजूद रहे, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए चांदनी प्रकाश के प्रयासों को रूप से आयोजित हुआ है।

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी विभाग पाटलिपुत्र शाखा छपरा में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा ने आर्य कन्या विद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। इस अवसर पर केंद्र के संयोजक विश्व मोहन जी और स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों के साथ उनकी माता को भी बुलाया गया बालिकाओं ने अपनी माता के चरण को जल से धोकर पुष्प से पूजन किया । अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिनकी माताएं नहीं आई है, वह बालिकाएं अपने घर पर जाकर माता-पिता का चरण धोकर स्पर्श करेंगी। प्रतिदिन की शुरुआत माता-पिता के चरण स्पर्श से करेंगी विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा, अधिवक्ता पारसनाथ श्रीवास्तव, योग गुरु सुनील त्यागी, मनोज , शिक्षक विकास गुप्ता अरुण पुरोहित धर्म प्रचारकने गुरु की महिमा का व्याख्यान किया। अरुण पुरोहित ने कहा विवेकानंद केंद्र ऊं को अपना गुरु मानता है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश , जीव से ब्रह्म एवं आत्मा को परमात्मा से साक्षात्कार करता है।शब्द ही ब्रह्म है सबसे पहले ऊं शब्द की उत्पत्ति हुई उसी से संपूर्ण सृष्टि का निर्माण हुआ ऐसा हमारे वेदों में वर्णित है। चार वेद 18 पुराण के रचयिता वेदव्यास जी के जन्म दिवस को हम गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उपस्थित माताओं से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चियों को अपनी संस्कृति शास्त्रों एवं महापुरुषों के बारे में बताएं । स्वामी विवेकानंद की पुस्तकों का अध्ययन करने से ही चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण होगा।

## रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की खिलाड़ी सिमरन परवीन ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

**दैनिक खोज खबर/ मैरवा(सारण)।** रग्बी फुटबॉल यूनियन ऑफ़ इंडिया द्वारा उत्तराखंड में 7 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय जूनियर रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप में बिहार की बेटियों ने चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है । इस बात की जानकारी देते हुए रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक एवं निदेशक संजय पाठक ने बताया कि बिहार की 12 सदस्यीय टीम में रानी लक्ष्मीबाई




स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ी सिमरन परवीन भी चयनित हुई थी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल रही थी। पाठक ने बताया कि इसके पूर्व भी विगत कई वर्षों में सिमरन प्रवीण ने बिहार टीम से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता है। सिमरन परवीन दरौली प्रखंड के करोम गांव निवासी शिक्षिका अफरोजा अंसारी एवं पिता इस्लाम अंसारी की द्वितीय पुत्री है। बिहार टीम के साथ बेहतर तालमेल बनाकर खेलते हुए सिमरन ने बेहतर प्रदर्शन कर बिहार को गौरवान्वित किया है । पाठक ने बताया कि बिहार सरकार एवं बिहार राज्य रग्वी फुटबॉल संघ बेहतर तरीके से काम कर रहा है जिसके फलस्वरूप आज बिहार राज्य रग्बी फुटबॉल में काफी आगे है।स्वर्ण पदक जीतने पर सिवान जिला रग्बी फुटबॉल संघ के महासचिव संतोष कुमार सिंह, आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा ,सचिव डॉ शरद चौधरी, डॉ रिता सिंहा ,डॉ संगीता चौधरी, डॉ राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉ रामजी चौधरी, डॉ सत्य प्रकाश ,डॉ अशोक कुमार, डॉ इंद्र मोहन, डॉ शंकर सिंह ,डॉ आशुतोष कुमार सिंहा ,डॉ जे एन प्रसाद सहित मुख्य संरक्षक डॉ आर एन ओझा, आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमान खातून, उषा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रधानाध्यापक विकास दिक्षित सहित कई अन्य लोगों ने सिमरन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## शादी का झांसा दे किया यौन शोषण

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले की एक 24 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर गोपालगंज जिले के एक युवक द्वारा दो वर्षों तक यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने जब शादी का दबाव बनाया तो युवक ने इससे इन्कार कर दिया। पीड़िता ने महिला थाना में आवेदन देकर सात जुलाई को प्राथमिकी कराई है। उसने पुलिस को दिए गए आवेदन में बताया है कि उसकी सगाई गोपालगंज जिले के एक गांव के युवक से 2023 में हुई और शादी फरवरी 2024 में होनी थी। सगाई के वक्त उसे उपहार स्वरूप 60 हजार रुपया दिया गया। इसी बीच युवक लगातार उसका यौन शोषण करता रहा। पुलिस आवेदन के आधार पर जांच कर रही है।

## गार्ड आफ आनर के साथ जवान को दी गई विदाई

**हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के मलाहीडीह निवासी देवनाथ राम के 40 वर्षीय पुत्र सीआरपीएफ जवान राजू राम को जवानों ने गार्ड आफ आनर के साथ अंतिम विदाई दी। यह सलामी आरटीसी श्रीनगर पदाधिकारियों ने दी। इस मौके पर स्थानीय पुलिस भी उपस्थित थी। तत्पश्चात जवान राजू राम के बड़े पुत्र ने पिता की मुखाग्नि दी। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया। पार्थिव शरीर जैसे ही रजनपुरा गांव पहुंचा हाथों में तिरंगा झंडा लिए हजारों की संख्या में लोग वीर राजू राम अमर रहे, वीर राजू राम अमर रहे, भारत माता की जय आदि के नारे लगाते हुए मलाहीडीह पहुंचे। तिरंगा में लपेटे जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। गौरतलब हो कि बुधवार को सीआरपीएफ जवान राजू राम की ब्लड कैंसर से इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उन्हें दो पुत्र व एक पुत्री है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

## बच्चों के विवाद में मारपीट दो घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में गुरुवार की सुबह बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई। उसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज हुआ। घायल की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी विपिन कुमार व पंकज कुमार के रूप में हुई। विपिन ने बताया कि मेरा पुत्र घर के आगे खेल रहा था तभी मोहल्ला का एक बच्चा गिर गया। जिसपर उसके घर वालों ने हमलोग से नोकझोंक की, इसके बाद मारपीट कर घायल कर दिया।

## बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए फ्यूज काल सेंटर का नंबर हुआ जारी

**सिवान।** बिजली उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए लाइनमैन व फोरमैन को फोन करने की जरूरत नहीं रहेगी। बिजली की शिकायतों के लिए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने कस्टमर केयर नंबर जारी किया है, ताकि इस भीषण गर्मी में परेशानी ना हो। उपभोक्ता 24 घंटे में किसी भी समय बिजली से संबंधित शिकायत उक्त नंबरों कर सकते हैं। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि जिला मुख्यालय के लिए फ्यूज काल सेंटर का नंबर 92644 56410 है। जबकि महाराजगंज के लिए फ्यूज काल सेंटर का नंबर 9264190782 है। इसके अलावा सिवान एवं महाराजगंज अवस्थित पावर सब स्टेशन के नंबर पर भी बिजली से संबंधित शिकायत की जा सकती है।

## लूट मामले में चार अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा बाजार में बुधवार को दिनदहाड़े आभूषण व्यवसायी को पिस्टल से हमला कर लूट मामले में पुलिस ने बदमाशों की पहचान सीसी फुटेज से कर रही है। वहीं संदेहात्मक ठिकानों पर छापेमारी करते हुए सारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों से दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी हुई है। हालांकि इस मामले में पुलिस पदाधिकारी कुछ भी कहने से कतरा रहे है। पुलिस सीसी फुटेज में आए बदमाशों के चेहरे को पहचान करने का प्रयास में लगी हुई है। सीसी फुटेज में बाइक पर सवार बदमाशों का गमछा से ढका हुआ चेहरे दिखाई दे रहे हैं। इस कारण पुलिस को पहचान करने में मुश्किल हो रही है।बगौरा बाजार में आभूषण दुकान में हुई लूट मामले में पीड़ित दिलीप कुमार सोनी ने थाना में आवेदन देकर चार अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि बुधवार को दो बाइक पर सवार चार बदमाश पिस्टल लहराते हुए आए और दुकान में लूटपाट करने लगे। इसका विरोध करने पर बदमाशों ने पिस्टल के बट से सिर पर प्रहार कर घायल कर दिया तथा दुकान से पांच से छह लाख की संपत्ति लूट ली फरार हो गए। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नवाचार व अन्य गतिविधियां को लेकर तीन शिक्षिका सम्मानित

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रैनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक पिंकू कुमारी, शिक्षिका सीमा कुमारी यादव और नया प्राथमिक विद्यालय मर्दनपुर की शिक्षिका आरती कुमारी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण प्रमंडल अवार्ड डायट सोनपुर में गुरुवार को सम्मानित किया गया। इस संबंध में बीईओ सौरभ सुमन ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दारौंदा की तीन शिक्षिका को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें विभाग द्वारा प्रदान किया गया है और यह उनकी नवाचार, डिजिटल शिक्षण विधियों और छात्रों के बीच सीखने की रुचि को बढ़ाने में उनके योगदान को दर्शाता है।यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका को दिया गया है और यह उनकी नवाचार, डिजिटल शिक्षण विधियों और छात्रों के बीच सीखने की रुचि को बढ़ाने में उनके योगदान को दर्शाता है। मौके पर रवींद्र कुमार, मिथिलेश तिवारी, हरिचरण यादव, रितु सिन्हा आदि शिक्षकों ने बधाई दी है।

## हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर झुलसे बच्चा की मौत

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाइपास के समीप गुरुवार की सुबह 12 वर्षीय बच्चा हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख पीएमसीएच रेफर कर दिया। स्वजन उसे इलाज के लिए गोरखपुर लेकर जा रहे थे इसी बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृत बच्चा मूल रूप से शंभूपुर पंचायत के नरहट गांव निवासी अनिल शर्मा का पुत्र पंकज है, जो अपने परिवार के साथ नगर क्षेत्र के फतेहपुर में किराए के मकान में रहता है। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि सुबह वह छत पर खेल रहा था तभी उसने एक पतंग हाई वोल्टेज तार में फंसा देखा उसे एक लोहे के छड़ से उतारने की कोशिश की। छड़ तार से स्पर्श कर गया और उसे जोरदार करंट लग गया। इस कारण वह छत से नीचे गिर पड़ा। आवाज सुनकर हमलोग बाहर निकले तो पंकज बेहोश होकर गिरा हुआ था। इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय के आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में गुरुवार को विद्यालय के इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम प्रधानाध्यापक हृदयानंद सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षकों ने भी भाग लिया। प्रधानाध्यापक हृदयानंद सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों का अहम योगदान है। शहरीकरण के कारण अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है। इसका व्यापक असर भी दिख रहा है। आक्सीजन की कमी सहित कई दुष्प्रभाव आज लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि अगर हम अब भी नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी कई समस्याओं से जूझेगी। इको क्लब से जुड़े अमरनाथ सोनी, साफिया परवीन, राजनंदनी कुमारी, उदय राज, अनुष्का शर्मा, स्वीटी कुमारी आदि ने बताया कि वे छात्रों के अलावा अन्य लोगों को भी खुद की साफ-सफाई, पौधारोपण, स्वच्छता आदि को लेकर जागरूक करते रहते हैं। इस मौके पर मनोज कुमार, सत्येंद्र सिंह, विजय विकास आदि मौजूद थे।

## लूट में असफल होने पर दुकानदार को मारी गोली, रेफर

**सिवान।** बसंतपुर थाना मुख्यालय स्थित मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227ए पर भारतीय स्टेट बैंक के समीप बुधवार की रात लूट में असफल होने पर बदमाशों ने थोक दुकानदार को गोली मार दी। गोली दुकानदार को बाएं जांघ में लगी और छेदते हुए बाहर निकल गई। स्थानीय लोगों के मदद से दुकानदार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिकी उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर कर दिया। घायल की पहचान बसंतपुर निवासी चुटकुला नंद प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।बताया जाता है कि दुकानदार चुटकुला नंद बुधवार की रात अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। वे जैसे ही एनएच 227ए पर भारतीय स्टेट बैंक के समीप पहुंचे तभी तीन बदमाशों ने उन्हें घेर कर लूटने का प्रयास किया। इस दौरान चुटकुला नंद बदमाशों से उलझ गए तथा शोर मचाने लगे। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली चुटकुलानंद के बाएं जांघ में लगी और छेदते हुए बाहर निकल गई। जब तक लोग घटनास्थल पर पहुंचते ही सभी बदमाश फरार हो गए। प्रखंड मुख्यालय में एनएच 227 ए पर गुरुवार को स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीणों ने घटना के विरोध में अपनी-अपनी दुकानें बंद कर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क पर बेंच आदि रख जाम कर दिया तथा टायर जला कर प्रदर्शन किया तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि आए दिन क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है और पुलिस तमाशाबीन बनी हुई है। ग्रामीण इस घटना में संलिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी एवं रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल चुटकुला नंद प्रसाद के पुत्र गोल्डेन कुमार ने के आवेदन पर तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## करंट के चपेट में आने से युवक की मौत

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर में गुरुवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक सारण जिले के मढ़ौरा निवासी एहसान खान का पुत्र सलमान खान है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सलमान तकरीबन एक वर्षों से सिवान में ही रहकर एक चिकेन दुकान पर काम करता था। जहां गुरुवार को करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, हालांकि पोस्टमार्टम के दौरान ही शव को लेकर आए सभी लोग फरार हो गए जहां देर संध्या तक उसका शव पोस्टमार्टम हाउस में ही पड़ा रहा।

## हत्याकांड मामले फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**सिवान।** पचरुखी थाना क्षेत्र के घरथवलिया में गुरुवार की दोपहर थानाध्यक्ष सन्नी कुमार रजक के नेतृत्व में ढोल नगाड़े के साथ पुलिस ने हत्या मामले में फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चस्पाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कांड संख्या 301/25 मामले में फरार अभियुक्त पंकज शर्मा, कुंदन शर्मा, कमल शर्मा, अंकित शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी की गई है। उन्होंने बताया कि सभी अभियुक्तों ने 28 जून को भूमि विवाद में हरदिया गांव के समीप तीन सगे भाइयों को गोली मार दी थी। इसमें एक भाई इरशाद उर्फ राजा की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि अन्य दो भाइयों कैप एवं अजमत का इलाज चल रहा है।

## भारत विकास परिषद् के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**सिवान।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर गुरुवार को सदर अस्पताल के ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 11 रक्तदानियों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष रोहित कुमार उर्फ विपिन सिंह ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हमलोगों द्वारा किया गया रक्तदान थैलेसीमिया पीड़ित सहित जरूरतमंद लोगों के काम आता है। वहीं उत्तर बिहार प्रांत के प्रांतीय संपर्क संयोजक भारत भूषण पांडेय ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनती है। यह रक्त मानव शरीर में ही बनती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को यह कर्तव्य बनता कि अपना रक्तदान करें। रक्तदान करने से किसी प्रकार के शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने वालों में मां शैलपुत्री अस्पताल के निदेशक डा. पुनीत आर सिंह, शाखा सदस्य इंदल कुमार सिंह, अधिवक्ता अमित कुमार सिंह, डब्ल्यू आदि शामिल थे। शाखा द्वारा सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर सदर अस्पताल ब्लड बैंक के मेडिकल अफसर डा. जयप्रकाश, अरविंद सौरभ, आनंद मित्तल, राहुल सिंह, ब्लड बैंक के सुनीति कुमारी सहित ब्लड बैंक के स्टाफ व शाखा सदस्य उपस्थित थे।

## पेंशनधारियों को कोई भी असुविधा नहीं होनी चाहिए

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकिशोर उपाध्याय ने प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधान के संग बैठक कर मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से शुक्रवार को पूर्वाह्न 10-30 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पहली बार नई दर से पेंशन की राशि अंतरण से संबंधित लाभार्थियों के खाते में भेजने के कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाने का दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिन-जिन विद्यालयों में यह कार्यक्रम होना सुनिश्चित किया गया है, उस विद्यालय प्रधान को निर्देशित किया है कि इस कार्य में लाभार्थियों के वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव प्रसारण की व्यवस्था करने करना है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के लिए टीवी, लैपटाप, मोबाइल आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही किसी को परेशानी न इसका ख्याल रखना है। साथ ही उन्होंने लाभार्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था, नाश्ता, पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका ख्याल रखने का निर्देश दिया।मौके पर शिक्षक हरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, प्रदीप कुमार, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला यात्री का पर्स से सामान चोरी करते चार महिला गिरफ्तार

**सिवान।** मैरवा स्टेशन पर गुरुवार को आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक महिला यात्री के पर्स से कीमती सामान की चोरी करने के दौरान चार महिला चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिलाओं में भोजपुर जिला के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया निवासी जिम्पा सोबर, मीशू देवी, रानू कुमारी व रिंपा कुमारी शामिल है। इनके पास से चोरी का एक हैंड पर्स, 15 सौ रुपया, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि टास्क टीम, आरपीएफ व जीआरपी गुरुवार को मैरवा रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी क्रम में स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर गाड़ी संख्या 15028 मौर्या एक्सप्रेस आई। इस दौरान गाड़ी में पटना निवासी सुनीता देवी सवार हो रहीं थी तभी चार महिला चोर ने उनके पर्स की चोरी करने का प्रयास किया। मामले की जांच जीआरपी के पुलिस अवर निरीक्षक राजेश कुमार द्वारा की जा रही है। छापेमारी टीम में आरपीएफ के उप निरीक्षक जयेंद्र मिश्रा, सउनि शैलेंद्र कुमार पांडेय, कांस्टेबल विजय यादव, कांस्टेबल राम कुमार यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल विनय राय, महिला कांस्टेबल रीना कुमारी आदि शामिल थे।

## ई-मालखाना साफ्टवेयर से होगी आनलाइन निगरानी

### पुलिसिंग को पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया कदम

**सिवान।** जिले की पुलिसिंग को और अधिक पारदर्शी व तकनीकी बनाने के उद्देश्य से ई-मालखाना साफ्टवेयर का शुभारंभ जल्द ही किया जाएगा। इस डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए थानों के मालखाने में रखी हर वस्तु का पूरा ब्योरा आनलाइन उपलब्ध रहेगा। नए थानाध्यक्षों को मालखाना चार्ज लेने में जो समस्याएं आती थीं, उनका समाधान हो जाएगा, क्योंकि ई-मालखाना साफ्टवेयर में पहले से ही सभी वस्तुओं का विवरण दर्ज रहेगा। कई बार मालखाना का प्रभार लेने और देने में काफी परेशानी होती है। मालखाना के प्रभार लेने-देनें में कई बार बगैर किसी कमी के पुलिसकर्मी नप जाते हैं। इससे मालखाना प्रबंधन में पारदर्शिता के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने जल्द ही जिले के सभी थानों ई-मालखाना साफ्टवेयर से आनलाइन निगरानी होगी। एसपी ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले के सभी थानों को पूरी तरह से डिजिटल मालखाना प्रबंधन से जोड़ दिया जाएगा। सभी थानों को बारी-बारी से साफ्टवेयर के माध्यम से जोड़ दिया जाएगा। साफ्टवेयर से जुड़ने के बाद मालखाना की वास्तविक स्थिति की भी जानकारी सामने होगी। साफ्टवेयर से मालखाना में आगत और निर्गत वस्तुओं में पारदर्शिता भी होगी।

## प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देकर किया गया नमन

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतिमा स्थल परिसर में गुरुवार को समाजवादी नेता व पूर्व सांसद रामदेव सिंह की 34वीं पुण्यतिथि मनाई गई। रामदेव विचार मंच के बैनर तले व पूर्व सांसद के पौत्र अभिषेक सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यदेव प्रसाद सिंह, गणेश दत्त पाठक, नूरुद्दीन मौलाना सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने समाजवादी नेता को राजनीति से हटकर लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाला बताया। पूर्व विधायक सत्यदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि रामदेव बाबू समाजवादी विचारधारा, स्वतंत्रता आंदोलन के सिपाही व सहकारिता आंदोलन के साथ चलकर क्षेत्र को एक अलग पहचान दिलाने के प्रयास में आजीवन जुटे रहे। साथ ही वे परिवारवाद व जातिवाद के कट्टर विरोधी रहे। रामदेव बाबू के पौत्र अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि लोगों की सेवा ही उनका पहला कार्य था। स्वतंत्रता के बाद सबों को परिवार मान निःस्वार्थ सेवा की। प्रतिमा स्थल पर सामूहिक श्रद्धांजलि दी गई। उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, रेनु देवी, प्रमोद सिंह, अमिताभ सिंह, कमलेश्वर ओझा आदि मौजूद थे।

## हत्या में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर विधायक ने दिया धरना

**सिवान।** चरूखी थाना क्षेत्र के घरथवलिया गांव के समीप 27 जून की देर शाम दस की संख्या में आए बदमाशों ने तीन सगे भाइयों को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसमें इरशाद खान की मौत हो गई। जबकि कैफ खान और अजमत खान घायल हो गए। इस मामले में समाहरणालय स्थित मुख्य गेट पर गुरुवार को बड़हरिया विधायक बच्चा पांडेय ने हत्या में शामिल बदमाशों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया। विधायक ने हत्या के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर रोष जताया। विधायक ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बदमाशों को संरक्षण देने की कोशिश की जा रही है, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। स्वजनों एवं स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने अभी तक मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। धरने में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिन्होंने नारेबाजी कर पुलिस और प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय भास्कर चौहान ने कहा न्याय में देरी अन्याय के समान है।

## मतदाता सूची सत्यापन में लापरवाही, शिवहर डीएम ने रोका वेतन

### 78 कर्मचारियों का दो दिन का मानदेय काटा, वोटर लिस्ट में सुधार 25 जुलाई तक

**शिवहर** ।शिवहर में मतदाता सूची के सत्यापन अभियान में लापरवाही का मामला सामने आया है। ऐसे कर्मियों पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय ने सख्त कार्रवाई की है। 50 शिक्षकों और 28 आंगनबाड़ी सेविकाओं का दो दिन का वेतन/मानदेय रोक दिया है। यह फैसला 8 जुलाई को आयोजित समीक्षा बैठक के बाद लिया गया। बैठक में पाया गया कि संबंधित बीएलओ ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप फॉर्म अपलोड नहीं किए थे। साथ ही, अधिकांश कर्मियों ने अभियान में रुचि नहीं दिखाई। **कारण बताओ नोटिस थमाने के निर्देश-** डीएम ने निर्देश दिया है कि वे सभी दोषी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करें और इस संबंध में जल्द रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी में कोताही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **25 जुलाई तक करा सकेंगे सत्यापन-** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मतदाता सूची का सत्यापन कार्यक्रम तेजी से चल रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार, राज्य के 7.90 करोड़ मतदाताओं में से लगभग आधे के प्रपत्र जमा हो चुके हैं। यह अभियान 25 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

